वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

कुलसचिव (रोवर्स/रेंजर्स)

पत्रांक : रोवर्स/रेंजर्स/713/ 2024 दिनांकः 20/11 /2024

प्रेषक,

कुलसचिव/जिला सचिव (रोवर/रेंजर),
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषय— विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में स्काउटिंग/गाइडिंग के अंतर्गत रोवर्स/रेंजर्स की गतिविधियॉ संचालित करने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया

कृपया उपर्युक्त विषयक संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या –1150/सत्तर–1–2024, दिनांक 17 अक्टूबर, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मुख्यायुक्त, भारत स्काउट और गाइड, उ0 प्र0 के पत्र दिनांक 02.08.2024 का उल्लेख करते हुए पत्र में की गयी अपेक्षानुसार कार्यवाही किये जाने का निदेंश दिये गये हैं (छायाप्रति संलग्न)।

अतः उक्त के क्रम में विश्वविद्यालय एवं उनसे सम्बन्धित महाविद्यालयों में रोवर/रेंजर की गतिविधियॉ संचालित करने के लिये केवल भारत स्काउट और गाइड उ0 प्र0 संस्था ही अधिकृत संस्था है। भारत स्काउट और गाइड उ0 प्र0 संस्था द्वारा विश्वविद्यालय एवं सम्बद्व महाविद्यालयों में निम्न कार्यक्रम संचालित किये जाते हैं–

1 प्रवेश प्रशिक्षण।
2 निपुण प्रशिक्षण।
3 राज्य पुरस्कार, रोवर/रेंजर ।
4 बी0एड0कक्षाओं में–स्पेशल इण्ट्रोडक्टरी कोर्स।
5 डी0एल0एड0 कक्षाओं में –स्पेशल इण्ट्रोडक्टरी कोर्स।

अतः विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में उपर्युक्त कार्यक्रम भारत स्काउट और गाइड उ0 प्र0 संस्था से ही संचालित किये जाय।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1 वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
2 निजी सचिव कुलपति, कुलपति, जी के संज्ञानार्थ।
3 प्रभारी, विश्वविद्यालय वेब–साइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेब–साइट पर अपलोड़ करने का कष्ट करें।

कुलसचिव

Scanned with CamScanner